वीयू– रूसी छात्राओं ने किया कुक्कुट पालन एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का भ्रमण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, के माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशन में के रूस के साथ हुए अनुबंध के तहत स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अन्तर्गत रूस की नवोब्रिक्स स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से आई छात्राएं सुश्री डियाना सुश्री लीजा सुश्री पॉलिन ने आज कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में भ्रमण किया, जिसके दौरान कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में कड़कनाथ, नर्मदा निधि, टर्की तथा बटेर प्रजाति देखी जो की आज के दौर में बहुत प्रचलित प्रजातियां हैं तथा पसंद की जाती है, उनका पालन तथा प्रबंधन देखकर रोमांचित हो उठे। आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन तकनीक को भी उन्होंने डेमोंसट्रेशन के माध्यम से जाना। कुक्कुट पालन विषय संबंधी जानकारी डॉ. जी. गोयल द्वारा दी गई, इसके बाद मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में विभिन्न विभागों, प्रयोगशाला क्रियान्वयन तथा उपयोगी उपकरण के साथ मत्स्य विज्ञान विषय के प्रयोग में लाई जाने वाली तकनीकी को भी

समझा, इसके साथ ही विभिन्न राज्यों की राजकीय मछली, पेन तथा केज कल्चर माडल, प्रयुक्त होने वाले जाल, विभिन्न प्रजातियों के मछली सैंपल, मात्स्यिकी पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, कम्प्यूटर लेबोरेटरी, तथा सॉइल सैंपलर, ऑर्नेमेंट एक्वेरियम एवम् उनकी विभिन्न प्रजातियों को भी देखा, भ्रमण के दौरान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक एवम् स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए चर्चाएं भी की, एक्वाकल्चर, तथा फिशरी रिसोर्स मैनेजमेंट में चल रहे शोध कार्यो को जाना एवम् मत्स्य पालन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री भी देखी, महाविद्यालय भ्रमण के पश्चात मत्स्य पालन प्रक्षेत्र का भी भ्रमण किया जहां हैचरी, मछली पालन के नर्सरी, रियरिंग स्टॉकिंग तालाबों का अवलोकन करते हुए, मत्स्य पालन पद्धति एवम् प्रबंधन को समझा, साथ ही मछली से बने उत्पाद

फिश कटलेट, चकली एवम् कुकीज जैसे रुचिकर उत्पादों का स्वल्पाहार पाकर प्रसन्नता भी जाहिर की, विश्व मत्स्यकी दिवस पर स्लोगन भी लिखा तथा भारतीय कॉर्प प्रजाति की मछलियों के बीज भी आधारताल स्थित तालाब में छोड़े, प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एस.पी. तिवारी, कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, की विशेष उपस्थिति रही, भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मत्स्य विज्ञान विषय संबंधी जानकारी भ्रमण समन्वयक, प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. सोना दुबे द्वारा दी गई, कार्यक्रम के दौरान डॉ. माधुरी शर्मा डॉ. प्रीति मिश्रा, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, शिवानी पाठक प्रियंका गौतम कर्मचारीगण श्री परमलाल श्री मिलन प्रसाद, आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर